ईसाई विद्वान बाइबिल में मतभेदों को पहचानते हैं (7 का भाग 2): प्रक्षेप के उदाहरण

रेटिंग:

विवरण:

श्रेणी: लेख तुलनात्मक धर्म बाइबल

द्वारा: Misha'al ibn Abdullah (taken from the Book: What Did Jesus Really Say?)

पर प्रकाशित: 04 Nov 2021

अंतिम बार संशोधित: 04 Nov 2021

यूहन्ना 3:16 - एवी (केजेवी) में हम पढ़ते हैं:

"क्योंकि ईश्वर ने जगत से ऐसा प्रेम रखा, कि उसने अपना एकलौता पुत्र दे दिया, कि जो कोई उस पर विश्वास करे, वह नाश ना हो, परन्तु अनन्त जीवन पाए।"

[...] इस निर्माण "जन्म" को अब इन सबसे प्रतिष्ठित बाइबल संशोधनकर्ताओं द्वारा बिना किसी औपचारिकता के बढ़ा दिया गया है। हालांकि, इस रहस्योद्घाटन के लिए मानवता को 2000 साल इंतजार नहीं करना पड़ा।

मरयिम (19) में: 88-98 पवित्र क़ुरआन में हम पढ़ते हैं:

"तथा उन्होंने कहा कि बिना लिया है अत्यंत कृपाशील ने अपने लिए एक पुत्र। वास्तव में, तुम एक भारी बात घड़ लाये हो। समीप है कि इस कथन के कारण आकाश फट पड़े तथा धरती चिर जाये और गिर जायें पर्वत कण-कण होकर। कि वे सिध्द करने लगे अत्यंत कृपाशील के लिए संतान। तथा नहीं योग्य है अत्यंत कृपाशील के लिए कि वह कोई संतान बनाये। प्रत्येक जो आकाशों तथा धरती में हैं, आने वाले हैं, अत्यंत कृपाशील की सेवा में दास बनकर। उसने उन्हें नियंत्रण में ले रखा है तथा उन्हें पूर्णतः गिन रखा है। और प्रत्येक उसके समक्ष आने वाला है, प्रलय के दिन, अकेला। निश्चय जो ईमान वाले हैं तथा सदाचार किये हैं, शीघ्र बना देगा, उनके लिए अत्यंत कृपाशील (दिलों में) प्रेम। अतः (हे पैगंबर!) हमने सरल बना दिया है, इस (क़ुरआन) को आपकी भाषा में, ताकि आप इसके द्वारा शुभ सूचना दें संयमियों (आज्ञाकारियों) को तथा सतर्क कर दें विरोधियों को। तथा हमने ध्वस्त कर दिया

है, इनसे पहले बहुत सी जातियों को, तो क्या आप देखते हैं, उनमें किसी को अथवा सुनते हैं, उनकी कोई ध्वनि?

यूहन्ना 5:7 (किंग जेम्स संस्करण) के पहले पत्र में हम पाते हैं:

"क्योंकि तीन हैं जो स्वर्ग में लिपिबिद्ध हैं, पिता, वचन और पवित्र आत्मा, और ये तीनों एक हैं।"

जैसा कि हम पहले ही खंड 1.2.2.5 में देख चुके हैं, यह पद कलीसिया (चर्च) को पवित्र त्रिएकता के नाम से निकटतम सन्निकिटन है। हालांकि, जैसा कि उस खंड में देखा गया है, ईसाई धर्म की इस आधारशिला को भी आरएसवी से हटा दिया गया है, जो कि पचास सहयोगी ईसाई संप्रदायों द्वारा समर्थित सर्वोच्च प्रतिष्ठा के बत्तीस ईसाई विद्वानों द्वारा एक बार फिर "सबसे प्राचीन हस्तलिपियों" के अनुसार है।" और एक बार फिर, हम पाते हैं कि महान क़ुरआन ने चौदह सौ साल पहले इस सच्चाई को प्रकट किया था:

"हे अहले किताब (ईसाईयो!) अपने धर्म में अधिकता न करो और ईश्वर पर केवल सत्य ही बोलो। मसीह मरयम का पुत्र केवल ईश्वर का दूत और उसका शब्द है, जिसे (ईश्वर ने) मरयम की ओर डाल दिया तथा उसकी ओर से एक आत्मा है, अतः, ईश्वर और उसके दूतों पर विश्वास करो और ये न कहो कि (ईश्वर) तीन हैं, इससे रुक जाओ, यही तुम्हारे लिए अच्छा है, इसके सिवा कुछ नहीं कि ईश्वर ही अकेला पूज्य है, वह इससे पवित्र है कि उसका कोई पुत्र हो, आकाशों तथा धरती में जो कुछ है, उसी का है और ईश्वर काम बनाने के लिए बहुत है।" (क़ुरआन 4:171)

1952 से पहले बाइबिल के सभी संस्करणों में पैगंबर यीशु की शांति से जुड़ी सबसे चमत्कारी घटनाओं में से एक का उल्लेख किया गया था, जो कि स्वर्ग में उनके स्वर्गारोहण की थी:

"तब प्रभु यीशु उन से बातें करने के बाद स्वर्ग पर उठा लिए गए, और ईश्वर के दहिने जा बैठा" (मरकुस 16:19)

... और एक बार फिर लूका में:

"जब उसने उन्हें आशीर्वाद दिया, तो वह उनसे अलग हो गया, और स्वर्ग में उठा लिया गया। और उन्होंने इसकी पूजा की, और बड़े आनन्द के साथ यरूशलेम लौट गए।" (लूका 24:51-52)

1952 में आरएसवी मार्क 16 पद्य 8 पर समाप्त होता है और बाकी को छोटे प्रिंट में एक फुटनोट (इस पर बाद में और अधिक) में चलाया जाता है। इसी तरह, लूका 24 के पदों पर टिप्पणी में, हमें एनआरएसवी बाइबिल

के फुटनोट्स में बताया गया है "अन्य प्राचीन अधिकारियों में ये नही है "और उन्हें स्वर्ग में ले जाया गया था" और "अन्य प्राचीन अधिकारियों में ये नही है "उनकी पूजा की।" इस प्रकार, हम देखते हैं कि लूका का पद अपने मूल रूप में केवल यही कहता है:

"जब उसने उन्हें आशीर्वाद दिया, तो वह उनसे अलग हो गया। और वे बड़े आनन्द के साथ यरूशलेम को लौट गए।"

लूका 24:51-52 को उसके वर्तमान स्वरूप में देने में "प्रेरित सुधार" को सदियों लग गए।

एक अन्य उदाहरण के रूप में, लूका 24:1-7 में हम पढ़ते हैं:

"सप्ताह के पहिले दिन, बड़े भोर मे, जो सुगन्धि वस्तुओं को जो उन्होंने तैयार की थीं, ले कर कब्र पर आईं। और उन्होंने पत्थर को कब्र पर से लुढ़का हुआ पाया। और उन्होंने भीतर प्रवेश किया, और प्रभु यीशु का शरीर नहीं पाया। और ऐसा हुआ, कि जब वे इस बात को लेकर बहुत व्याकुल थीं, तो क्या देखा, कि दो मनुष्य चमकते हुए वस्त्र पहिने हुए उनके पास खड़े हो गए; और जब वे डर गईं, और धरती की ओर मुंह झुकाए रहीं, तब उन्होंने उन से कहा, तुम जीवते को मरे हुओं में क्यों ढूंढ़ती हो? वह यहाँ नहीं है, परन्तु जी उठा है; स्मरण कर कि जब वह गलील में ही था, तब उस ने तुम से क्या कहा, कि मनुष्य का पुत्र पापियों के हाथ पकड़वाया जाएगा, और क्रूस पर चढ़ाया जाएगा, और तीसरे दिन जी उठेगा।"

एक बार फिर, पद 5 के संदर्भ में, फुटनोट कहते हैं: "अन्य प्राचीन अधिकारियों में ये नही है 'वह यहाँ नहीं है बल्कि जी उठा है'"

ऐसे उदाहरण बहुत अधिक हैं, जिन्हे हम यहां नही बता सकते, हालांकि हम आपको बाइबिल के नए संशोधित मानक संस्करण की एक प्रति लेने और चार इंजील को देखने के लिए कहते हैं। आपको लगातार दो ऐसे पृष्ठों को खोजने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी जिसके फुटनोट्स में ये न लिखा हो, "अन्य प्राचीन अधिकारियों में ये नही है..." या "अन्य प्राचीन अधिकारियों ने जोड़ें हैं...।"

इस लेख का वेब पता:

https://www.islamreligion.com/index.php/hi/articles/589

कॉपीराइट © 2006-2020 सभी अधिकार सुरक्षित हैं। © 2006 - 2023 IslamReligion.com. सभी अधिकार सुरक्षित हैं।